नाम……………… अनुक्रमांक………………

अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2021-22

A/40,000

सामाजिक विज्ञान

कक्षा—10

समय : 3 घण्टे 15 मिनट | | पूर्णांक : 70

निर्देश—(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(iv) 'क' तथा 'ख' खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

खण्ड 'क'

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए—

1. फ्रांस की क्रान्ति का अग्रदूत किसे कहा जाता है? 1

(क) नेपोलियन (ख) रूसो

(ग) दिदरो (घ) वॉल्टेयर

2. 'हिन्द स्वराज' पुस्तक की रचना किसने की ? 1

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) रविन्द्रनाथ टैगोर

(ग) महात्मा गांधी (घ) बाल गंगाधर तिलक

3. किस किसान आन्दोलन के दौरान बल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि दी गई? 1

(क) चम्पारण (ख) खेड़ा

(ग) अहमदाबाद (घ) बारदोली

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

4. भारत में सत्ता के वितरण के उद्देश्य से कितनी सूचियाँ बनाई गई हैं? 1

(क) एक (ख) दो

(ग) तीन (घ) चार

5. नगर निगम के अध्यक्ष को क्या कहते हैं? 1

(क) मेयर (ख) सभापति

(ग) राज्यपाल (घ) सरपंच

6. वर्तमान में भारत में महिलाओं की साक्षरता दर कितनी है? 1

(क) 50 प्रतिशत (ख) 54 प्रतिशत

(ग) 60 प्रतिशत (घ) 65 प्रतिशत

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

7. उदारवाद किसे कहते हैं? 2

8. असहयोग आन्दोलन कब और क्यों वापस लिया गया? 2

9. भारत में कितनी भाषाओं को अनुसूचित भाषाओं का स्थान प्राप्त है? 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

10. बिस्मार्क कौन था? उसने जर्मनी का एकीकरण किस प्रकार किया ? 3

अथवा

गिरमिटिया मजदूर से क्या अभिप्राय है? समझाइए।

11. पंचायती राज किसे कहते हैं? इसके लाभ बताइए। 3

अथवा

साम्प्रदायिकता को लोकतन्त्र के लिए खतरा क्यों माना जाता है?

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

12. सन् 1789 ई. में हुई फ्रांस की क्रान्ति के परिणामों का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

सविनय अवज्ञा आन्दोलन के कारण बताइए। इसके क्या परिणाम रहे ?

13. संघवाद किसे कहते हैं? इसकी विशेषताएँ बताइए। 6

अथवा

जीवन के उन विभिन्न पहलुओं को बताइए जिनमें भारत में स्त्रियों के साथ भेद-भाव होता है या वे कमजोर स्थिति में होती हैं।

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में ⦿ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए।

14. (i) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटी। 1
    (ii) वह स्थान जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। 1
    (iii) वह स्थान जहाँ भारत का सर्वोच्च न्यायालय स्थित है। 1
    (iv) वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। 1
    (v) वह स्थान जहाँ चन्द्र शेखर आजाद शहीद हुए। 1

खण्ड 'ख'

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए—

15. 'चिपको आन्दोलन' सम्बन्धित है— 1
    (क) वन संरक्षण (ख) मृदा संरक्षण
    (ग) जल संरक्षण (घ) वायु संरक्षण

16. चाय की खेती के लिए सबसे उपयुक्त मिट्टी कौन-सी है— 1
    (क) काली मिट्टी (ख) लाल मिट्टी
    (ग) पर्वतीय मिट्टी (घ) जलोढ़ मिट्टी

17. निम्नलिखित में से कौन-सी एक रेशेदार फसल है— 1
    (क) जूट (ख) कॉफी
    (ग) जौ (घ) रबड़

18. विदेशी व्यापार किनके मध्य होता है— 1
    (क) दो देशों के मध्य (ख) दो प्रदेशों के मध्य
    (ग) दो नगरों के मध्य (घ) दो गाँवों के मध्य

19. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया गया— 1
    (क) 1982 (ख) 1984
    (ग) 1985 (घ) 1986

20. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पादन का साधन है— 1
    (क) पूँजी (ख) लाभ
    (ग) सेवाएँ (घ) कर

https://www.upboardonline.com

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

21. जैव संसाधन और अजैव संसाधन किन्हें कहते हैं? 2
22. खादर तथा बांगर में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2
23. प्रति व्यक्ति आय किसे कहते हैं? 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

24. पहाड़ी क्षेत्रों में मृदा अपरदन की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाने चाहिए? 3

अथवा

भारतीय कृषि की तीन प्रमुख समस्याएँ बताइए।

25. प्राथमिक क्षेत्रक को परिभाषित कीजिए। 3

अथवा

ऐसे तीन कारक बताइए जिनमें उपभोक्ताओं का शोषण होता है।

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

26. मृदा अपरदन किसे कहते हैं? मृदा अपरदन के कारण बताइए। 6

अथवा

भारत के आर्थिक विकास में परिवहन के साधनों का क्या महत्व है?

27. आर्थिक गतिविधियों के तीन क्षेत्रक कौन-कौन से हैं? उदाहरण सहित समझाइए। 6

अथवा

भारत में विभिन्न प्रकार की संचार प्रणालियों का वर्णन कीजिए।

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए–

28. (i) चाय उत्पादक एक क्षेत्र ▲ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1
(ii) सांभर झील ~~~~ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1
(iii) छत्तीसगढ़ की राजधानी ◉ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1
(iv) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक बन्दरगाह Δ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1
(v) अरावली पर्वत ~ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1

●●

https://www.upboardonline.com